भारत सरकार

पर्यटन मंत्रालय

लोक सभा

लिखित प्रश्न सं. †3876

सोमवार, 16 मार्च, 2026/25 फाल्गुन, 1947 (शक)

को दिया जाने वाला उत्तर

विदेशी पर्यटकों के लिए भिन्न प्रवेश शुल्क संरचना

†3876. डॉ. रानी श्रीकुमार:

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि वर्तमान में सार्क देशों के पर्यटकों को छोड़कर विदेशी पर्यटकों से देश के प्रमुख विरासत स्मारकों और पर्यटन स्थलों पर काफी अधिक प्रवेश शुल्क लिया जाता है;

(ख) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि विदेशी पर्यटकों की संख्या कम होने के बावजूद उच्च प्रवेश शुल्क के कारण गरीब और अविकसित देशों से भारत आने वाले पर्यटक हतोत्साहित होते हैं;

(ग) क्या सरकार मौजूदा प्रणाली की समीक्षा करने और उन देशों की आर्थिक स्थिति के आधार पर ऐसी भिन्न-भिन्न शुल्क संरचना शुरू करने पर विचार कर रही है जिसमें विकसित देशों के पर्यटकों से विकासशील और अविकसित देशों के पर्यटकों की तुलना में अपेक्षाकृत अधिक शुल्क लिया जाता है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)

(क): भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) संरक्षित स्मारकों और स्थलों की निर्धारित श्रेणी के आधार पर विदेशी और भारतीय नागरिकों सहित सार्क और बिम्सटेक समूह के देशों के नागरिकों के लिए दो-स्तरीय टिकट शुल्क का पालन करता है।

(ख): भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) के संरक्षित स्मारकों में विदेशी नागरिकों से अलग प्रवेश शुल्क वसूलने की प्रथा विश्व स्तर पर अपनाई जाने वाली वैश्विक प्रथाओं के अनुरूप है।

(ग) और (घ): वर्तमान में ऐसा कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है।

*****